OMEGA MEDIA LABS

(Films, Events, Tele-films, Ad-films, P.R., Graphics)

PUBLICATION	IBN-7	DATE	21-DEC.-2016
EDITION	ALL OVER INDIA	PAGE NO.	

IBN7

शिकागो यूनिवर्सिटी व टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के बीच होगा करार

Tuesday, 20 December 2016 20:41

Tweet

0
Like
Share

0
G+1

नई दिल्ली: एसोचैम व अर्न्स्ट एंड यंग की संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक सन 2017 तक 40 से 45 फीसदी वित्तीय लेनदेन मोबाइल के जरिए किए जाने की संभावना है। ऐसे में मोबाइल फ्रॉड के मामले 65 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। मोबाइल प्लेटफार्म व मोबाइल एप्स को बेहतर व सुरक्षित बनाने के लिए प्रशिक्षित श्रमशक्ति की मांग भी बढ़ेगी। इस मांग को देखते हुए टेलीकॉम के क्षेत्र में युवाओं को बेहतर स्किल देने के लिए टेलीकॉम सेक्टर स्किल कांउसिल और यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो एक करार करने जा रही हैं।

सोमवार को जारी एक बयान में बताया गया कि इस करार के तहत युवाओं में एडवांस टेलीकॉम जॉब रोल जैसे बिग डाटा, ब्लॉक चैन, इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी, एंड्राइड प्रोग्रामिंग आदि के लिए कौशल विकसित कर उनको रोजगारपरक बनाया जाएगा।

यह करार शिकागो यूनिवर्सिटी के दिल्ली ऑफिस में टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल व शिकागो यूनिवर्सिटी के बीच 'बिल्डिंग इंडिया 2030 विद इमरजिंग ग्लोबल टेक्नोलॉजी, यूएस-इंडिया नॉलेज' के तहत 22 दिसम्बर को किया जाएगा।